कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्र./एफ– /1/सा.प्र.वि. /विविध/20/ 889 भिलाई, दिनांक 17.8.2020

//आदेश//

अपर सचिव, छ.ग. शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रं./331/सम./ब–4/चार नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 03.07.2020 के अनुसार शासन के पत्र दिनांक 27.05.2020 के द्वारा शासकीय सेवकों को 01 जुलाई 2020 एवं 01 जनवरी 2021 में देय वार्षिक वेतनवृद्धि को सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों को छोड़कर शेष अधिकारी/कर्मचारियों के लिये आगामी आदेश तक निलंबित रखा गया था। जिसमें आंशिक संशोधन कर पत्र की शेष शर्तों को यथावत् रखते हुए वेतनवृद्धि के संबंध में शासकीय सेवकों को देय 01 जुलाई 2020 एवं 01 जनवरी 2021 की वार्षिक वेतनवृद्धि 01 जुलाई 2020 एवं 01 जनवरी 2021 में ही स्वीकृत कर वेतनवृद्धि प्रमाण पत्र जारी किये जाने के निर्देश दिये गये है।

"01 जुलाई 2020 को देय वार्षिक वेतनवृद्धि जुलाई 2020 में स्वीकृत की जाये तथा आवश्यक वेतन प्रमाण पत्र जारी की जावे, किन्तु इसका भुगतान जनवरी 2021 के नियमित वेतन से की जावे। 01 जुलाई 2020 से 31 दिसम्बर 2020 तक की देय एरियर्स की राशि का भुगतान भी जनवरी 2021 में की जाये। इसी प्रकार 01 जनवरी 2021 को देय वार्षिक वेतनवृद्धि जनवरी 2021 में स्वीकृत की जाये तथा आवश्यक वेतन प्रमाण पत्र जारी की जावे, किन्तु इसका भुगतान जुलाई 2021 के नियमित वेतन से की जावे। 01 जनवरी 2021 से 30 जून 2021 तक का देय एरियर्स की राशि जुलाई 2021 में भुगतान किया जाना है।

अतः छ.ग. शासन के उपरोक्त पत्र में दिये गये निर्देशानुसार नगर पालिक निगम, भिलाई में कार्यरत् समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को वेतनवृद्धि स्वीकृत किये जाने हेतु कार्यवाही किया जावे।

(आयुक्त महोदय द्वारा अनुमोदित)

उपायुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र./एफ– /1/सा.प्र.वि./विविध/20/ 890 भिलाई,दिनांक 17-8-2020
प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. लेखाधिकारी/जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. अधीक्षक स्थापना, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. प्रभारी सहायक अधीक्षक भविष्य निधि शाखा, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
5. प्रोग्रामर डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं निगम की वेबसाईट में अपलोड हेतु।
6. प्रभारी स्थापना लिपिक, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

उपायुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

E:Drive/R.Y./order